# A

**22713** **120 MINUTES**

1. 'हिन्दी केसरी' नामक पत्रिका का आरम्भ किसने किया?
   A) माधवराव सप्रे B) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद
   C) लाला लाजपत राय D) महात्मा गाँधी

2. 'शहर अब भी संभावना है' काव्य-कृति के रचनाकार कौन हैं?
   A) शमशेर बहादुर सिंह B) कुँवर नारायण
   C) विजयदेव नारायण साही D) अशोक वाजपेयी

3. 'कवि कुछ ऐसी तान सुनाओ जिससे उथल पुथल मच जाए' - किस कवि की पंक्ति है?
   A) हरिवंशराय बच्चन B) अज्ञेय
   C) दुष्यंतकुमार D) बालकृष्ण शर्मा नवीन

4. मेवाती किस वर्ग की बोली है?
   A) राजस्थानी B) बिहारी C) पहाड़ी D) गुजराती

5. 'खो देना' के अर्थ में प्रयुक्त मुहावरा है -
   A) हाथ साफ करना B) हाथ कटाना
   C) हाथ धोना D) हाथ मलना

6. 'चुंगी की उम्मीदवारी' किसका प्रहसन है?
   A) मिश्रबन्धु B) बालकृष्ण भट्ट
   C) बद्रीनाथ भट्ट D) माखनलाल चतुर्वेदी

7. द्वंद समास का उदाहरण कौन सा है?
   A) चौराहा B) पुस्तकालय C) रुपया-पैसा D) आजीवन

8. 'फूल नहीं रंग बोलते हैं' कविता-संग्रह के रचनाकार कौन हैं?
   A) अज्ञेय B) केदारनाथ सिंह
   C) शिवमंगल सिंह D) केदारनाथ अग्रवाल

9. 'लकड़बग्घा हँस रहा है' के रचनाकार कौन हैं?
   A) चंद्रकान्त देवताले B) त्रिलोचन शर्मा
   C) नरेश मेहता D) सोमदत्त

10. गणेश बहुत बोला है - वाक्य में कौन-सा क्रिया विशेषण है ?
   A) रीतिवाचक   B) गुणवाचक
   C) संख्यावाचक   D) परिमाण वाचक

11. 'पहला गिरमिटिया' उपन्यास के लेखक कौन हैं?
   A) प्रभाकर माचवे   B) गिरिराज किशोर
   C) रामदरश मिश्र   D) शैलेश मटियानी

12. किस लेखक के गद्य-विधान को आचार्य शुक्ल ने 'सायास अनुप्रास में गूँथे शब्द-गुच्छों का अटाला' कहा है?
   A) बालमुकुंद गुप्त   B) गोविंदनारायण मिश्र
   C) माधवप्रसाद मिश्र   D) सरदार पूर्णसिंह

13. स्वच्छंदतावादी काव्य आंदोलन का घोषणापत्र किसे माना जाता है?
   A) प्राक्टिकल क्रिटिसिज़म   B) पेरिइप्सुस
   C) लिरिकल बैलेड्स   D) पोएटिक्स

14. 'छायावाद' नामक ग्रंथ इनमें से किसने लिखा है?
   A) डॉ. नामवर सिंह   B) डॉ. रामविलास शर्मा
   C) डॉ. नगेन्द्र   D) डॉ. शिवदानसिंह चौहान

15. निम्न में से कौन रसवादी आलोचक हैं?
   A) रामकुमार वर्मा   B) डॉ. नगेन्द्र
   C) अज्ञेय   D) अशोक वाजपेयी

16. नई कविता को सूक्ष्म के प्रति अति सूक्ष्म का विद्रोह किसने कहा है?
   A) रामविलास शर्मा   B) जगदीश गुप्त
   C) धर्मवीर भारती   D) नामवर सिंह

17. ''प्रयोगवादी कविता में भावना है, किन्तु हर भावना के आगे एक प्रश्नचिह्न लगा है। इसी प्रश्नचिह्न को आप बौद्धिकता कह सकते हैं।'' यह कथन किस साहित्यकार का है?
   A) नरेश मेहता   B) धर्मवीर भारती
   C) अज्ञेय   D) दुष्यंत कुमार

18. 'हिन्दी साहित्य की भूमिका' शीर्षक ग्रंथ के रचनाकार कौन है ?
   A) डॉ. धीरेन्द्र वर्मा  B) डॉ. नलिन विलोचन शर्मा
   C) डॉ. हज़ारी प्रसाद द्विवेदी  D) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल

19. किस आलोचक ने 'शालीभद्र सूरि' को हिन्दी का प्रथम कवि माना है ?
   A) डॉ.गणपतिचन्द्र गुप्त  B) डॉ.शिवप्रसाद सेंगर
   C) राहुल सांकृत्यायन  D) डॉ.रामकुमार वर्मा

20. हिन्दी साहित्य के इतिहास का काल-विभाजन करनेवाले प्रथम इतिहासकार हैं --
   A) मिश्रबंधु  B) ग्रियेर्सन
   C) ठाकुर शिवसिंह  D) मौलवी करीमुद्दीन

21. स्वयंभूकृत 'पुउमचरिउ' की विषयवस्तु किससे संबद्ध है?
   A) कृष्णकथा  B) रामकथा
   C) लोककथा  D) जातकथा

22. आदिकाल में खड़ीबोली को काव्य की भाषा बनानेवाले पहले कवि हैं --
   A) कवि रोडा  B) भट्ट केदार कवि
   C) अमीर खुसरो  D) पुष्यकवि

23. पुनर्जागरण आन्दोलन और हिन्दी साहित्य के विकास में निम्न में से सर्वप्रथम हिन्दी योगदान किस संस्था का रहा?
   A) आर्यसमाज  B) ब्रह्मसमाज
   C) फोर्ट विलियम कॉलेज  D) थियोसोफ़िकल सोसाईटी

24. राजस्थान की साहित्यिक भाषा को क्या कहते हैं --
   A) डिंगल  B) पिंगल
   C) A और B दोनों  D) इनमें कोई नहीं

25. 'कस्तूरी कुंडल बस' - किस विधा की रचना है?
   A) नाटक  B) रिपोताज़  C) आत्मकथा  D) यात्रावृत्त

26. कैथारसिस (Catharsis) शब्द का हिन्दीकृत रूप है --
   A) अनुकरण  B) प्रारूपण  C) विरेचन  D) निषेचन

27. ‘पद्मावत’ में राजा रत्नसेन किसका प्रतीक है?
A) बुद्धि B) मन C) शरीर D) शैतान

28. इनमें से कौन-सा शब्द तद्भव है?
A) पुष्प B) आग C) दुग्ध D) अक्षि

29. ‘औरत’ किस भाषा का शब्द है?
A) तुर्की B) अरबी C) हिन्दी D) फारसी

30. ‘न भूतो न भविष्यति’ उपन्यास के लेखक हैं --
A) ज्ञानदेव अग्निहोत्री B) मालती जोशी
C) नरेन्द्र कोहली D) ऋषणचरण जैन

31. ‘नूतन ब्रहमचारी’ उपन्यास कौन-से युग का है?
A) प्रेमचन्द युग B) प्राक् प्रेमचन्द युग
C) प्रेमचन्दोत्तर युग D) स्वातंत्र्योत्तर युग

32. ‘एक और अजनबी’ नाटक की महिला नाटककार कौन हैं?
A) ममता कालिया B) प्रभा खेतान
C) मृदुला गर्ग D) शिवानी

33. ‘कार्नेलिया’ कौन से नाटक की पात्र है?
A) अजातशत्रु B) स्कंदगुप्त C) राजश्री D) चन्द्रगुप्त

34. ‘उसने कहा था’ कहानी ‘सरस्वती’ पत्रिका में कब प्रकाशित हुई थी?
A) 1915 B) 1920 C) 1910 D) 1905

35. विखंडन (डिकांस्ट्रकशन) वाद के जन्मदाता हैं --
A) लियोतार्द B) ज़ाक देरीदा
C) अर्नाल्ड टॉयन्बी D) बार्थ

36. कविवचनसुधा में प्रकाशित ‘सरयू-पार की यात्रा’ - किसका यात्रावृत्त लेखन है?
A) प्रताप नारायण मिश्र B) बालकृष्ण भट्ट
C) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र D) दामोदर शास्त्री

37. ‘पथ के साथी’ किसका रेखाचित्र संग्रह है?

A) विनयमोहन शर्मा B) महादेवी वर्मा

C) प्रकाशचन्द्र गुप्त D) विष्णु प्रभाकर

38. ‘मुड-मुड के देखता हूँ’ - किसकी आत्मकथा है?

A) राजेन्द्र यादव B) भीष्म साहनी C) अखिलेश D) कमलेश्वर

39. केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय दिल्ली की पत्रिका है --

A) आजकल B) भाषा C) आलोचना D) नया ज्ञानोदय

40. विद्यापति ने अपनी ‘कीर्तिलता’ की भाषा को क्या कहा है?

A) अवहट्ठ B) खडीबोली C) पंजाबी D) अर्द्धमागधी

41. ‘‘कविता हमारे परिपूर्ण क्षणों की वाणी है’’ -- किसका कथन है?

A) जयशंकर प्रसाद B) महादेवी वर्मा

C) सुमित्रानंदन पंत D) सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला

42. मैं राम के बिना नहीं जाऊँगा -- इस वाक्य में प्रयुक्त ‘बिना’ शब्द कौन-सा अव्यय है?

A) क्रिया विशेषण B) समुच्चय बोधक

C) विस्मयादिबोधक D) संबन्ध बोधक

43. खडीबोली को ‘मर्दानी भाषा’ किसने कहा?

A) ग्रियर्सन B) गिलक्रास्ट

C) राहुल साँकृत्यायन D) सुनीतिकुमार चाटर्जी

44. ‘‘मैं नया कवि हूँ/ इसी से मानता हूँ/ चश्मे तले की दृष्टि बहरी होती है/ इसी में सच्ची चोटें बाँटता हूँ/ झूठी मुस्कान नहीं बेचता’’ -- किसकी पंक्तियाँ हैं?

A) अज्ञेय B) मुक्तिबोध

C) बच्चन D) सर्वेश्वर दयाल सक्सेना

45. देवनागरी लिपी का विकास किससे हुआ?

A) गुरुमुखी B) बंगलिपि C) ब्राह्मी D) शारदा

46. संविधान के किस अनुच्छेद के अनुसार संघ की राजभाषा हिन्दी और लिपि देवनागरी स्वीकृत हुई?

A) अनुच्छेद 350 B) अनुच्छेद 351 C) अनुच्छेद 348 D) अनुच्छेद 343

47. सूर्यकांत त्रिपाठी निराला पर रामविलास शर्मा का प्रथम आलोचनात्मक लेख किस पत्रिका में छपा था?

A) प्रभा B) हंस C) चाँद D) प्रतीक

48. ''आज की कविता बहुत बोलती है, जबकि कविता का काम बोलना है ही नहीं।'' - यह किस सप्तक की भूमिका का कथन है?

A) तारसप्तक B) दूसरा सप्तक

C) तीसरा सप्तक D) चौथा सप्तक

49. निम्नलिखित को सुमेलित करते हुए नीचे दिए गए कूट की सहायता से सही उत्तर चुनिए -

| सूची 1 (पत्र/पत्रिका) | सूची 2 (संपादक) |
|---|---|
| a. दस्तावेज़ | 1. महात्मा गाँधी |
| b. वाक् | 2. महावीर प्रसाद द्विवेदी |
| c. सरस्वती | 3. सुधीश पचौरी |
| d. नवजीवन | 4. विश्वनाथ प्रसाद तिवारी |

A) a-4,b-3, c-1, d-2 B) a-2, b-3, c-4, d-1

C) a-3, b-4, c-2, d-1 D) a-4, b-3, c-2, d-1

50. अविकारी शब्दों का पर्यायवाची है --

A) क्रिया B) सर्वनाम C) संज्ञा D) अव्यय

51. इनमें कौन-सी कहानी वृद्ध-विमर्श से संबन्धित नहीं है?

A) वापसी B) चीफ़ की दावत

C) अब तो शाम हो गयी D) रोज़

52. ''तंत्र न जानूँ, मंत्र न जानूँ, जानूँ सुन्दर काया'' -- किसकी पंक्ति है?

A) जायसी B) तुलसी C) नानक D) कबीर

53. पृथ्वीराज रासो में सर्ग को क्या कहा गया है?

A) खण्ड B) समय C) अध्याय D) प्रकरण

54. मोहन राकेश के किस नाटक का कथानक अश्वघोष के सौन्दरनंद पर आधारित है?

A) आषाढ़ का एक दिन B) लहरो के राजहंस

C) पैर तले की ज़मीन D) आधे-अधूरे

55. ''भाषाविज्ञान का अभिप्राय भाषा का विश्लेषण करके उसका दिग्दर्शन कराना है'' किसकी मान्यता है?

A) डॉ.बाबूराम सक्सेना B) डॉ.भोलानाथ तिवारी

C) डॉ.श्याम सुन्दर दास D) डॉ.देवेन्द्रनाथ शर्मा

56. प्रेमचन्द के उपन्यासों का प्रकाशन काल की दृष्टि से सही अनुक्रम चुनिए:

A) रंगभूमि, कर्मभूमि, सेवासदन, गोदान

B) कर्मभूमि, सेवासदन, गोदान, रंगभूमि

C) सेवासदन, रंगभूमि, कर्मभूमि, गोदान

D) गोदान, कर्मभूमि, रंगभूमि, सेवासदन

57. प्रकाशनवर्ष के अनुसार महादेवी वर्मा की निम्नलिखित रचनाओं का सही अनुक्रम लिखिए?

A) नीहार, दीपशिखा, नीरजा, रश्मि

B) दीपशिखा, नीहार, रश्मि, नीरजा

C) नीरजा, नीहार, रश्मि, दीपशिखा

D) नीहार, रश्मि, नीरजा, दीपशिखा

58. ''कविता सर्वोत्तम शब्दों का सर्वोत्तम क्रम विधान है'' - किस पाश्चात्य आलोचक का मत है?

A) वड्स्वर्थ B) कॉलरिडज

C) कीट्स D) मैथ्यु आर्नाल्ड

59. काव्यशास्त्रीय ग्रंथों का कालक्रमानुसार सही अनुक्रम है –

A) काव्यादर्श, काव्यमीमांसा, वक्रोक्ति जीवितम्, ध्वन्यालोक

B) ध्वन्यालोक, वक्रोक्ति जीवितम्, काव्यमीमांसा, काव्यादर्श

C) काव्यादर्श, ध्वन्यालोक, काव्यमीमांसा, वक्रोक्ति जीवितम्

D) काव्यमीमांसा, काव्यादर्श, ध्वन्यालोक, वक्रोक्ति जीवितम्

60. 'दूसरा ताजमहल' किसकी रचना है?

A) मंजुल भगत B) राजी सेठ C) नमिता सिंह D) नासिरा शर्मा

61. निम्नलिखित कहानियों को उनके केन्द्रीय विचारों से सुमेलित कीजिए -

| सूची 1 | सूची 2 |
|---|---|
| a. पूस की रात | 1. न्याय प्रियता |
| b. शतरंज के खिलाडी | 2. ऋण की समस्या |
| c. ठाकुर का कुआ | 3. जातिभेद |
| d. पंच परमेश्वर | 4. राष्ट्रीय चेतना |

A) a-1, b-2, c-3, d-4 B) a-2, b-4, c-3, d-1
C) a-4, b-2, c-3, d-1 D) a-2, b-4, c-1, d-3

62. 'दुखवा मैं कासों कहूँ मोरी सजनी' किसकी कहानी है?
A) सुदर्शन B) इशा अल्लाखाँ
C) चतुर्सेन शास्त्री D) पाण्डेय बेचन शर्मा 'उग्र'

63. डॉ.नगेन्द्र का आलोचनात्मक ग्रंथ कौन-सा है?
A) नया साहित्य नये प्रश्न B) नयी समीक्षा नए संदर्भ
C) नयी कविता के प्रतिमान D) कविता के नए प्रतिमान

64. अलका सरावगी का उपन्यास कौन-सा है?
A) सेज पर संस्कृत B) मरंग गोडा नीलकंठ हुआ
C) जानकीदास तेज़पाल मैंशन D) फ़रिश्ते निकले

65. 'प्रेमचन्द की विरासत और गोदान' किसकी आलोचनात्मक कृति है?
A) शिवकुमार मिश्र B) डॉ.रामविलास शर्मा
C) आचार्य नंददुलारे वाजपेई D) कमल किशोर गोयनका

66. निम्नलिखित पाश्चात्य साहित्य चिंतकों का ऐतिहासिक दृष्टि से पूर्वापर अनुक्रम है --
A) मैथ्यु ऑर्नाल्ड - टी.एस.इलियट - अरस्तू - कॉलरिज
B) अरस्तू - कॉलरिज - मैथ्यु ऑर्नाल्ड - टी.एस.इलियट
C) कॉलरिज - अरस्तू - टी.एस.इलियट - मैथ्यु अर्नाल्ड
D) टी.एस.इलियट - मैथ्यु अर्नाल्ड - कॉलरिज - अरस्तू

67. 'धार' उपन्यास बिहार प्रांत की कौन-सी आदिवासी जीवन को केन्द्र में रखकर लिखा गया है?
A) डोम B) पवार C) वापकी D) संथाल

68. सूर्यकांत त्रिपाठी निराला का जीवन-काल कौन-सा रहा?

A) 1890-1937 B) 1897-1962 C) 1907-1987 D) 1900-1970

69. 'मेरी दैनिकी का एक पृष्ठ' - शीर्षक ललित निबंध संग्रह के रचनाकार कौन है?

A) पद्मलाल पुन्नालाल बख्शी B) गुलाबराय
C) बेचन शर्मा उग्र D) शिवपूजन सहाय

70. माखनलाल चतुर्वेदी और माधवराव सप्रे के संरक्षण -- संपादन में जबलपूर से प्रकाशित साप्ताहिक पत्र कौन-सा रहा?

A) कर्मवीर B) मतवाला C) जागरण D) आज

71. निम्नलिखित उपन्यासों को उनकी विषयवस्तु के साथ सुमेलित कर दीजिए -

| सूची 1 | सूची 2 |
|---|---|
| a. अपना मोर्चा | 1. औपनिषदिक आख्यान |
| b. मुझे चांद चाहिए | 2. छात्र जगत आन्दोलन |
| c. दिलोदानिश | 3. रंगमंच एवं फ़िल्मी दुनिया |
| d. अनामदास का पोथा | 4. मुस्लिम सभ्यता व संस्कृति |

A) a-2, b-3, c-1, d-4 B) a-2, b-3, c-4, d-1
C) a-3, b-2, c-4, d-1 D) a-1, b-2, c-3, d-4

72. आई.ए.रिचर्डस का समीक्षात्मक ग्रंथ है --

A) Principles of Literary Criticism
B) Poetics
C) Aesthetics
D) The Republic

73. लमही किस साहित्यकार की जन्मस्थली है?

A) जयशंकर प्रसाद B) महादेवी वर्मा
C) हरिवंशराय बच्चन D) प्रेमचंद

74. Reservation केलिए समानार्थी हिन्दी पारिभाषिक शब्द कौन-सा है?

A) संरक्षण B) आरक्षण C) अनुरक्षण D) परिरक्षण

75. केन्द्रीय हिन्दी समिति के पदेन अध्यक्ष हैं --

A) राष्ट्रपति B) उपराष्ट्रपति
C) प्रधानमंत्री D) लोकसभा अध्यक्ष

76. ‘कलाधर’ उपनाम से व्रजभाषाा में कविताएँ लिखनेवाले कवि --

A) सुमित्रानंदन पंत

B) जयशंकर प्रसाद

C) मुकुटधर पाण्डेय

D) मोहनलाल महतो ‘वियोगी’

77. प्रगतिशील लेखक संघ की स्थापना पेरिस में कब हुई थी?

A) 1935 B) 1936 C) 1947 D) 1937

78. स्वदेश भारती किस सप्तक के कवि हैं?

A) तारसप्तक B) दूसरा सप्तक

C) तीसरा सप्तक D) चौथा सप्तक

79 “अन्याय जिधर है, उधर शक्ति कहते छल-छल, हो गए नयन, कुछ बूँद पुनः ढलके दृग जल”-- किस कविता की पंक्तियाँ हैं --

A) सरोज स्मृति B) राम की शक्तिपूजा

C) कुकुरमुत्ता D) सांध्यकाकली

80. ‘बूचड़खाना’ किसकी लंबी कविता है?

A) गंगा प्रसाद विमल B) वियजदेव नारायण साही

C) सुमन राजे D) प्रताप सहगल

81. ‘प्रपद्यवाद’ किसका पर्याय है?

A) नई कविता B) अकविता C) प्रयोगवाद D) नकेनवाद

82. ‘उपनिवेश में स्त्री’ -- किसकी रचना है?

A) उषा महाजन B) प्रभा खेतान

C) मैत्रेयी पुष्पा D) कुमुद शर्मा

83. “न कांतमपि निर्मूषं विभाति वनिताननम्” - अलंकार हीन काव्य के अस्तित्व को यों नकारनेवाला आचार्य कौन थे?

A) मम्मट B) भरत C) क्षेमेन्द्र D) भामह

84. निम्नलिखित कथनों को उनके अलंकारों के साथ सुमेलित कीजिए -

| सूची 1 | सूची 2 |
|---|---|
| a. उसका मुख मानो चन्द्रमा है | 1. प्रतीप |
| b. हरिपद कोमल कमल से | 2. उपमा |
| c. मुख के समान चन्द्रमा है | 3. उत्प्रेक्षा |
| d. भरत के सम भरत है | 4. अनन्वय |

A) a-3, b-2, c-4, d-1 B) a-1, b-2, c-3, d-4
C) a-3, b-2, c-1, d-4 D) a-2, b-3, c-1, d-4

85. ''दीप-सा मन जल चुका है'' -- पंक्ति में उपमान क्या है?
A) दीप B) सा C) मन D) जल चुका

86. इनमें सम मात्रिक छंद कौन-सा है?
A) छप्पय B) दोहा C) चौपाई D) सारेठा

87. ''ईद का चाँद होना'' -- मुहावरे में, इनमें से कौन लक्षणा-शक्ति है?
A) प्रयोजनवती B) रूढ़ि
C) शाब्दी D) आर्थी

88. ''अब तनिक संकुचित बैठी सी .....'' इस पंक्ति में शब्द शक्ति है --
A) अभिधा B) लक्षणा C) व्यंजना D) तात्पर्या

89. ''स्वच्छन्दतावाद ही साहित्यिक उदारवाद है'' किसकी मान्यता है?
A) शेल्ली B) विक्टर ह्यूगो
C) टी.ई.ह्यूम D) कीट्स

90. 'संरचनावाद' की मूल अवधारणा किसकी है?
A) ज्यॉक दादेरा B) बादलेयर
C) फर्दिनांद-डि-सोस्यूर D) ल्योतोर

91. चेकोस्लोविया की पृष्ठभूमि पर आधारित निर्मल वर्मा का उपन्यास है --
A) वे दिन B) अंतिम अरण्य
C) एक चिथडा सुख D) लाल टीन की छत

92. नीचे दो वक्तव्य कथन (A) और कारण (R) दिये जा रहे हैं --

कथन (A) - जिन शब्दों से किसी कार्य का होना या करना समझा जाए उसे क्रिया कहते हैं।

कारण (R) -- धातु के आगे 'ना' जोड़ने से क्रिया का सामान्य रूप बन जाता है।

उपर्युक्त वक्तव्यों के आधार पर निम्नलिखित में से सही उत्तर चुनिए --

A) (A) सही और (R) गलत है तथा दोनों में कोई संबन्ध नहीं है
B) (A) गलत और (R) सही है तथा दोनों में सामंजस्य है
C) (A) और (R) दोनों गलत हैं तथा दोनों में सामंजस्य भी नहीं है।
D) (A) और (R) दोनों सही हैं तथा (A) की सही व्याख्या (R) है।

93. निम्नलिखित को सुमेलित करते हुए नीचे दिए गए कूट की सहायता से सही उत्तर चुनिए -

| सूची 1 | सूची 2 |
|---|---|
| a. प्लेटो | 1. अभिव्यंजनावाद |
| b. अरस्तू | 2. उदात्तवाद |
| c. लोजाइनस | 3. विरेचन सिद्धांत |
| d. क्रोचे | 4. अनुकरण सिद्धांत |

A) a-4, b-3, c-1, d-2 B) a-2, b-3, c-1, d-4
C) a-4, b-3, c-2, d-1 D) a-3, b-4, c-2, d-1

94. 'सुरअरदान' किसका उपन्यास है?

A) शरण कुमार लिंबाले B) मोहनदास नैमिषराय
C) रूपनारायण सोनकर D) सुशीला टाकभौरे

95. 'सबसे उदास कविता' नाटक के रचनाकार कौन हैं?

A) शरद जोशी B) नरेन्द्र मोहन
C) कृष्णबलदेव वैद D) स्वदेश दीपक

96. 'पीली छतरीवाली लड़की' -- किसकी कहानी है?

A) हृषिकेश सुलभ B) कुणाल सिंह
C) उदय प्रकाश D) सुधा अरोडा

97. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए -

| सूची 1 | सूची 2 |
|---|---|
| a. इन्दुमती | 1. गिरिजादत्त वाजपेई |
| b. ग्यारह वर्ष का समय | 2. बंग महिला |
| c. दुलाईवाली | 3. रामचन्द्र शुक्ल |
| d. पंडित पंडितानी | 4. किशोरीलाल गोस्वामी |

A) a-1, b-3, c-2, d-4 B) a-4, b-3, c-2, d-1
C) a-3, b-4, c-2, d-1 D) a-4, b-3, c-1, d-2

98. ''कर का मनका डारि दे मनका मनका फेर'' -- प्रस्तुत पंक्ति में कौन-सा अलंकार है?
A) उपमा B) वक्रोक्ति C) यमक D) श्लेष

99. पति या प्रिय के विदेश चले जाने पर दुःखित नायिका को कहते हैं --
A) प्रौढ़ा B) प्रोषित पतिका
C) स्वकीया D) परकीया

100. हिन्दी विद्यापीठ (केरल) से प्रकाशित 'संग्रथन' मासिक पत्रिका का सर्वप्रथम अंक किस वर्ष में निकला था?
A) 1982 B) 1989 C) 2002 D) 2015

101. शुद्ध वाक्य को चुनिए :--
A) श्याम पौधे को जल से सींच रहा है।
B) पौधे को जल से सींच रहा है श्याम।
C) श्याम पौधे सींच रहा है।
D) जल से सींच रहा है श्याम पौधे को।

102. कला को अनुकृति की अनुकृति माननेवाले पाश्चात्य आचार्य?
A) आई.ए. रिचर्डसन B) प्लेटो
C) कॉलरिज D) वाल्टर पीट

103. स्थापना (Assertation) A - नारीवाद का एक उद्देश्य पुरुष सत्ता का निषेध है।
तर्क (Reason) R -- क्योंकि नारीवाद का एकमात्र उद्देश्य यही है।

A) (A) सही, (R) गलत B) (A) गलत, (R) सही
C) (A) और (R) दोनों गलत D) (A) और (R) दोनों सही

104. अमृतलाल नागर का 'खंजन नयन' किस महाकवि के जीवन पर आधारित उपन्यास है?

A) कबीरदास B) तुलसीदास C) सूरदास D) जायसी

105. 'महीश' शब्द का संधि-विच्छेद करने पर क्या होगा?

A) मही + ईश B) महि + ईश C) महि + ऐस D) इनमें से सभी

106. 'देवेन्द्र' किस संधि से बना है?

A) गुण संधि B) दीर्घ संधि

C) यण संधि D) यण और गुण दोनों से

107. निम्न में कौन-सा द्विगु समास है?

A) नवरत्न B) त्रिलोक C) अष्टपदी D) इनमें से सभी

108. 'पीतांबर' में कौन-सा समास है?

A) द्विगु B) द्वन्द्व

C) कर्मधारय D) इनमें से कोई नहीं

109. 'यशोभिलाषी' में कौन-सी संधि है?

A) विसर्ग B) व्यंजन C) यण D) अयादि

110. 'कामता प्रसाद गुरु' की पहचान किस रूप में है?

A) कोशकार B) इतिहासकार C) वैयाकरणकर्ता D) उपन्यासकार

111. निम्न में से किस आलोचक ने छायावाद को 'मधुचर्या' कहा है?

A) हज़ारी प्रसाद द्विवेदी B) रामचन्द्र शुक्ल

C) नगेन्द्र D) रामकुमार वर्मा

112. सही मिलान कर दीजिए -

| सूची 1 | सूची 2 |
|---|---|
| a. गुलाबराय | 1. सिंहावलोकन |
| b. हरिवंशराय बच्चन | 2. मेरी असफलताएँ |
| c. वियोगी हरि | 3. नीड़ का निर्माण फिर |
| d. यशपाल | 4. मेरा जीवन प्रवाह |

A) a-2, b-3, c-4, d-1 B) a-1, b-2, c-4, d-3

C) a-3, b-2, c-4, d-1 D) a-2, b-3, c-1, d-4

113. अनुवाद का तात्पर्य है -- अर्थ को बनाए रखते हुए अन्य भाषा में अन्तरण करना -- किसकी मान्यता है?

A) थियोडर सावरॉई B) सिड्नी

C) सामुवेल जॉनसन D) फोरेस्टन

114. "नाक का मोती अधर की कांति से
बीज दाडिम का समझकर भ्रांति से
देखकर सहसा हुआ शुक मौन है
सोचता है अन्य शुक यह कौन है" -- उपरोक्त पंक्तियों में कौन-सा अलंकार है?

A) उत्प्रेक्षा B) संदेह C) भ्रांतिमान D) असंगति

115. 'समांतर कहानी' का दौर किस पत्रिका में शुरू हुआ था?

A) सारिका B) मधुमति C) कादम्बिनी D) पहल

116 सुमेलित कीजिए -

| सूची 1 | सूची 2 |
|---|---|
| a. शारदीय | 1. मोहन राकेश |
| b. आधे-अधूरे | 2. भीष्म साहनी |
| c. हानुश | 3. जगदीश चन्द्र माथुर |
| d. एक कंठ विषव्यापी | 4. दुष्यंतकुमार |

A) a-1, b-3, c-2, d-4 B) a-3, b-1, c-2, d-4

C) a-4, b-1, c-2, d-3 D) a-3, b-1, c-4, d-2

117. 'औरंगज़ेब की आखिरी रात' एकांकी के रचनाकार है?

A) भुवनेश्वर B) उपेन्द्रनाथ अश्क

C) रामकुमार वर्मा D) विष्णु प्रभाकर

118. स्थापना (Assertation) A - भारतेन्दुयुग आधुनिकता का प्रवेशद्वार है।
तर्क (Reason) R -- क्योंकि भारतेन्दुयुगीन कविता में मध्यकालीन भावबोध का नितांत अभाव है।

A) (A) सही, (R) गलत B) (A) गलत, (R) सही

C) (A) और (R) दोनों सही D) (A) और (R) दोनों गलत

119. स्थापना (Assertation) A - मैथिली संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल भाषा है।
तर्क (Reason) R -- इसके शामिल होने से हिन्दी भाषियों की संख्या में वृद्धि हुई है।

A) (A) गलत, (R) सही
B) (A) गलत, (R) गलत
C) (A) सही, (R) सही
D) (A) सही, (R) गलत

120. निम्नलिखित में कौन-सा युग्म असंगत है?
A) कृष्णा सोबती - सूरजमुखी अंधेरे के
B) रवीन्द्र कालिया - खुदा सही सलामत है
C) गिरिराज किशोर - पानी का प्राचीर
D) राजेन्द्र यादव - उखड़े हुए लोग

---